By-Emai
Email ID- cdupjn_amroha@yahoo.con

# कार्यालय

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
मौहल्ला सिरसागढ़ पड़की, बम्बूगढ चौराहा/न्यू रोडवेज बस स्टैण्ड के पीछे कांकर सराय
वाई पास रोड, अमरोहा-244221

पत्रांक 2723 / न्यूज कटिंग / 118 दिनांक 08/06/26

सेवा में,

जिलाधिकारी,
सम्भल।

विषयः— **जनपद सम्भल के दैनिक समाचार पत्र (दिनांक 08.06.2026) में अमर उजाला में प्रकाशित न्यूज के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला (08.06.2026) में प्रकाशित न्यूज अधोहस्ताक्षरी को WhatsAPP के माध्यम से प्राप्त हुयी है, के संदर्भ में खण्ड से सम्बन्धित आख्या निम्नानुसार प्रेषित है—

अद्यतन आख्या निम्नानुसार है—

| हैड लाइन | आख्या |
|---|---|
| **"पाइप लाइन के लिए खोद डाली गलियां फिर भी मयस्सर नहीं हुआ लोगों को पानी"** | ➢ वर्तमान में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत स्वीकृत 556 नग पेयजल योजनाओं (राजस्व ग्राम 860) में 860 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 575 राजस्व ग्रामों में फर्म द्वारा पेयजलापूर्ति की जा रही है।<br><br>➢ 559 नग ओ.एच.टी. के सापेक्ष 148 नग ओ.एच.टी. का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है, अवशेष कार्य प्रगति पर हैं।<br><br>➢ जनपद में औसतन 92.89 प्रतिशत ग्रामीणो को पेयजल कनेक्शन देने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अवशेष कार्य प्रगति पर हैं।<br><br>➢ पाइप लाइन बिछाने हेतु तोड़ी गयी सड़को को पाइप बिछाने के उपरान्त सड़क को मोटरेबल कर दिया जाता है तथा पेयजल कनेक्शन एवं हाईड्रोटैस्टिंग उपरान्त सड़को को Permanent पुर्नस्थापित कर दिया जाता है।<br><br>➢ **रूस्तमपुर पीपलवाला पेयजल योजना वि0ख0 गुन्नौर** में M/S NKG-PRIMUS, JV, NEW DELHI द्वारा कार्य कराये जा रहे है। उक्त ग्राम में शिरोपरि जलाशय का कार्य प्रारम्भ नही हुआ है, वॉउड्रीवॉल का कार्य 50 प्रतिशत पूर्ण, पम्प हाउस का कार्य अवशेष पाइप लाइन का कार्य 28.08 कि0मी0 के सापेक्ष 12.2 कि0मी0 पूर्ण, पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गयी सड़को को पूर्व में मोटरेवल कर दिया गया है। वर्तमान धनाभाव के कारण उक्त पेयजल योजना के कार्य बाधित है। |

Scanned with CamScanner

उक्त के अतिरिक्त अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत भारत सरकार के पत्रांक W-11011/30/2021-JJM-1-DDWS दिनांक 16.10.2025 द्वारा कार्य पूर्ण करने की तिथि 31 दिसम्बर 2028 तक विस्तारित कर दी गयी है। माह दिसम्बर 2027 तक धन की उपलब्धता के अनुसार कार्य पूर्ण कर नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी, सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

(चन्द्रहास)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण) महोदय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2– अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) मुरादाबाद।
3– मुख्य विकास अधिकारी महोदय, जनपद सम्भल।
4– जिला सूचना अधिकारी, सम्भल।
5– सम्बन्धित सहायक अभियन्ता / जू0इं0।
6– मै0 एन0के0जी0–प्राइमस (जेवी) नई दिल्ली इस निर्देश के साथ कि उक्त पेयजल योजना की सड़को को मोटरेवल करते हुये समस्त कार्य पूर्ण कर नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with CamScanner

# पाइप लाइन के लिए खोद डालीं गलियां फिर भी मयस्सर नहीं हुआ लोगों को पानी

## एक वर्ष पूर्व बंद हुआ काम, ओवरहेड टैंक बना और न ही नलकूप का बोरिंग हो सका

संवाद न्यूज एजेंसी

मुद्दा

धनारी। क्षेत्र के ग्राम रुस्तमपुर पीपलवाला में जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए गांव की गलियां पाइप लाइन डालने के लिए खोद डालीं, लेकिन ओवरहेड टैंक का निर्माण न होने से ग्रामीणों को पानी नसीब नहीं हुआ। ग्रामीणों ने घरों के आगे खोदी सड़क को स्वयं अपने खर्च पर ठीक कराया है। अधिकांश हिस्से में खोदी गई गलियों में कीचड़युक्त पानी भरा है, जिससे निकलना मुश्किल हो रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि जल निगम की ओर से जल जीवन मिशन के तहत गांव में पाइप लाइन डलवाई गई थी। कुछ घरों में पानी के कनेक्शन भी दिए गए थे, लेकिन एक वर्ष काम पूर्व बंद कर दिया गया, उसके बाद आज तक कोई अधिकारी व कर्मचारी नहीं पहुंचा। ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य अभी शुरू भी नहीं हुआ है, जबकि पाइप लाइन डालने के लिए खोदी गई गांव की पक्की गलियों को उसी हालत में छोड़ दिया गया है।

ऐसे में गांव के लोगों को पानी की सुविधा तो नहीं मिली समस्या और बढ़ गई है। इस बारे में शिकायतें भी की गईं, लेकिन किसी भी अधिकारी ने इसे गंभीरता से नहीं लिया।



पाइप लाइन बिछाने को खोदे रास्ते का यह हाल। संवाद



गांव में पक्की गलियों की खोदाई करके पाइप लाइन तो डाल दी गई, लेकिन ओवरहेड टैंक का निर्माण नहीं कराया गया है, जिससे गांव के लोगों को पेयजल की सुविधा नहीं मिल सकी है। -रामवीर शर्मा



गांव में पाइप लाइन डालने को खोदी गई सड़कों को ठीक नहीं कराया गया। ग्रामीणों द्वारा स्वयं के खर्च पर अपने-अपने मकानों के सामने की सड़कों को ठीक कराया गया है। -डॉ राम रतन



जल निगम को पहले ओवरहेड टैंक का निर्माण कराना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। यही वजह है कि पाइप लाइन डालने के बाद भी गांव के लोगों को पानी नसीब नहीं हुआ है। -सोनू कुमार



जल जीवन मिशन के तहत सड़कें खोद कर पाइप लाइन डाल दी गई, लेकिन गड्ढे नहीं भरे गए, जिससे गलियों में गांव का गंदा पानी जमा होने से कीचड़ हो गया है। गांव के लोग परेशान हैं। -खेमपाल सिंह

जल निगम द्वारा सड़कें खोद कर पाइप लाइन डाल दी गई। लेकिन ग्रामीणों के घरों में कनेक्शन नहीं किए गए हैं। न ही ओवरहेड टैंक का निर्माण कराया गया है। अभी तक नलकूप के लिए बोरिंग भी नहीं हो सका है। इस बारे में ब्लाक मुख्यालय पर शिकायत भी की गई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका।- गोपाल, प्रधान पति, रुस्तमपुर पीपलवाला

Scanned with CamScanner